MR. CHAIRMAN: Your question is, what will he do to see that the end-users get the safe vaccine?

SHRI M. L. FOTEDAR: I must tell the hon. Member that I am fully satisfied that the end-users get fully efficacious Oral Polio Vaccine and our cold chain system in this regard is very effective.

MR. CHAIRMAN; Question Hour is over. Written Answers to Questions

भारत-पाक सीमा पर कंटीले तारों की बाड़ के लिए घटिया सामग्री का उपयोग

*305. श्री ईश दत्त यादव : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत-पाक सीमा पर लगी कंटीले तारों की बाड़ के लिए घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) : (क) और (ख) प्रथम चरण का कार्य पूरा होने के बाद कुछ स्थानों पर कुछ कार्यों में मामूली सी खामियां ध्यान में आयी हैं । इसके लिए ठेकेदार के बिलों में उचित कटौती की गई है ।

(ग) केंद्रीय सतर्कता आयोग के परामर्श से मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है ।

Growing terrorists activities in Haryana

*306. SHRI MOHINDER SINGH LATHER;

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the growing terrorist, activities in Haryana;

(b) whether Government propose to provide latest firearms to Haryana to enable it to modernise the State Police Force; and

(c) if so, the details thereof?

THE_M1NISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Necessary weapons have been released to Government of Haryana.

दिल्ली-राजहरा से जगदलपुर तक रेल लाइन का निर्माण

*307. श्री कैलाश नारायण सारंग : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने दिल्ली-राजहरा से जगदलपुर तक रेल लाइन का निर्माण कराने के लिए केंद्रीय सरकार के पास कोई प्रस्ताव भेजा है ; और

(ख) क्या यह सच है कि इस प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण से बस्तर क्षेत्र में उपलब्ध खनिज संसाधनों के अवदोहन के साथ-साथ इस क्षेत्र का विकास होने में भी मदद मिलेगी ।

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी हां ।

(ख) निस्संदेह, इस रेल लाइन के बन जाने से विकास में मदद मिलेगी, लेकिन प्रस्तावित लाइन मूलतः एकल उपयोगकर्ता लाइन है जो भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के लिए भिलाई तक लौह अयस्क की ढुलाई के लिए है ।